# बिहार सरकार

# विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग

## बिहार राज्य के इंजीनियरिंग/बी0 टेक0 पाठ्यक्रमों में नामांकन हेतु इच्छुक छात्र–छात्राओं एवं उनके अभिभावकों के लिए आवश्यक सूचना।

राज्य के प्रत्येक जिला में संचालित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय (कुल 38) में बी0 टेक0 पाठ्यक्रमों के विभिन्न शाखाओं यथा सिविल, इलेक्ट्रीकल, मेकिनिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन, कम्प्यूटर साईस एण्ड इंजीनियरिंग, इन्फोरमेशन टेक्नोलॉजी, लेदर टेक्नोलॉजी, इन्सट्रुमेन्टेशन एण्ड कन्ट्रोल तथा इलेक्ट्रीकल एण्ड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, इत्यादि में कुल लगभग 9000 सीट (अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् के अनुमोदनोपरान्त संख्या में थोड़ा परिवर्तन सभंव है) नामांकन हेतु उपलब्ध है। सभी संस्थानों के प्रत्येक शाखा में गुणवत्तापूर्ण पठन–पाठन हेतु विषयवार योग्य शिक्षकों की व्यवस्था राज्य सरकार द्वारा की गयी है एवं वर्तमान में भी प्रकिया की जा रही है।

सभी राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों में आधुनिक भवन, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, यथासंभव–छात्रावास, कैन्टीन, वाई–फाई एवं छात्रों के प्लेसमेन्ट हेतु प्लेसमेन्ट सेल इत्यादि की सुविधा उपलब्ध करायी गई है एवं इसे बेहतर बनाने की कार्रवाई की जा रही है।

**बी0 टेक0 पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में नामांकन की प्रकिया निम्नवत् है:–**

**राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) द्वारा संचालित जे0 ई0 ई0 मेन परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों के मेधा के आधार पर बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद द्वारा दो चक्रो की ऑनलाईन कॉउन्सेलिंग एवं एक Mop-up counselling के पश्चात् यदि सीटे रिक्त रहती हैं, तो इन रिक्त सीटों पर नामांकन बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद द्वारा संचालित बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों के भौतिकी विज्ञान, रसायन विज्ञान तथा गणित विषयों (PCM समूह) में प्राप्तांक के मेधा के आधार पर प्रावधानित है।**

10+2 परीक्षा में उत्तीर्ण अथवा सम्मिलित होने वाले वैसे छात्र–छात्राएँ जो इंजीनियरिंग/बी0 टेक0 पाठ्यक्रमों में नामांकन हेतु इच्छुक है, को सलाह दी जाती है कि वे जे0 ई0 ई0 मेन परीक्षा 2022 में अवश्य सम्मिलित हों ताकि जे0 ई0 ई0 मेन परीक्षा में प्राप्तांक के आधार पर उन्हें राज्य के कुल 38 राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों में संचालित बी0 टेक0 पाठ्यक्रमों में आसानी से नामांकन का अवसर प्राप्त हो सके। साथ ही वैसे छात्र/छात्राएँ जो किसी कारणवश जे0 ई0 ई0 मेन परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पाते हैं, वे बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद द्वारा संचालित बी0 सी0 ई0 सी0 ई0 2022 के भौतिकी विज्ञान, रसायन विज्ञान तथा गणित विषयों (PCM समूह) की परीक्षा में अवश्य सम्मिलित हों।

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, के अन्तर्गत संचालित सभी राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों के संबंध में पूर्ण जानकारी विभागीय **WEBSITE:- www.state.bihar.gov.in/dst** पर उपलब्ध है।

बी0 सी0 ई0 सी0 ई0 2022 परीक्षा की पूर्ण जानकारी पर्षद के **WEBSITE:- www.bceceboard.bihar.gov.in** पर उपलब्ध है।

**PR- 15309 ( Sci & Tech ) 2021-22**

नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है।